# राजस्थान सरकार

## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

**क्रमांकः– एफ.2 (क) (एम–717) अलेसे–I/ 3961-3967** **दिनांकः– 19/06/24**

## आदेश

निदेशालय के आदेश संख्या 99/2023–24 दिनांक 15.03.2024 द्वारा श्री मुकेश कुमार मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण आदेशों की प्रतीक्षा से कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड–II, सवाई माधोपुर में किया गया था, जिसके अनुसरण में श्री मुकेश कुमार मीणा ने दिनांक 16.03.2024 को कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड–II, सवाई माधोपुर में कार्यग्रहण कर लिया, किंतु श्री कमलेश कुमार बसवाल ने राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में प्रस्तुत अपील संख्या 4408/2024 में माननीय अधिकरण द्वारा निदेशालय के स्थानान्तरण आदेश दिनांक 15.03.2024 पर स्थगन दिये जाने के कारण कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड–II, सवाई माधोपुर में स्वीकृत एक सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद के विरुद्ध दो सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I पदस्थापित हो जाने से श्री मुकेश कुमार मीणा का माह मई, 2024 के वेतन का भुगतान नहीं हुआ।

अतः श्री मुकेश मीणा सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–प्रथम का माह मई, 2024 का वेतन भुगतान कार्यालय कोषाधिकारी, सवाईमाधोपुर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद से आहरित करने की एतद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

**क्रमांकः– एफ.2 (क) (एम–717) अलेसे–I/ 3961-3967** **दिनांकः– 19/06/24**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड–II, सवाई माधोपुर।
2. कोषाधिकारी, सवाईमाधोपुर।
3. उपविधि परामर्शी कार्यालय हाजा को भिजवाकर लेख है कि प्रकरण में प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति करा स्टे हटवाने की भी कार्यवाही करावे।
4. श्री मुकेश मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड–II, सवाई माधोपुर।
5. उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
6. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
7. निजी पत्रावली/गार्ड फाइल।

(राजेन्द्र प्रसाद रैगर)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)